LIC

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

भारतीय जीवन बीमा निगम ने किया एलआईसी की आरोग्य रक्षक (स्वास्थ्य बीमा योजना) का शुभारम्भ

भारतीय जीवन बीमा निगम ने 19 जुलाई 2021 से एलआईसी का आरोग्य रक्षक पेश किया है, जो एक गैर-लिंक्ड, अप्रतिभागी , नियमित प्रीमियम, व्यक्तिगत, स्वास्थ्य बीमा योजना है।

यह योजना कुछ निर्दिष्ट स्वास्थ्य जोखिमों के खिलाफ निश्चित लाभ स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करती है और चिकित्सा आपात स्थिति के मामले में समय पर सहायता प्रदान कर बीमाधारक और उसके परिवार को कठिन समय में आर्थिक रूप से स्वतंत्र रहने में मदद करती है।

एक व्यक्ति एक पॉलिसी के तहत स्वयं प्रधान बीमित (पीआई), अपने जीवन साथी, सभी बच्चों और माता-पिता का बीमा कर सकता है।

यह योजना प्रधान बीमित/जीवन साथी /माता-पिता 18 वर्ष से 65 वर्ष की आयु और 91 दिन से 20 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए उपलब्ध है। प्रधान बीमित /जीवन साथी /माता-पिता के लिए 80 वर्ष की आयु तक और बच्चों के लिए 25 वर्ष तक की अवधि के लिए कवर उपलब्ध ।

यह योजना एक पॉलिसी के तहत निम्नलिखित लाभ देती है:

• चयन के लिए लचीली लाभ सीमा

• लचीले प्रीमियम भुगतान विकल्प

• अस्पताल में भर्ती होने, सर्जरी आदि के मामले में बहुमूल्य वित्तीय सुरक्षा

• वास्तविक चिकित्सा लागत पर निरपेक्ष एकमुश्त लाभ

• ऑटो स्टेप अप बेनिफिट और नो क्लेम बेनिफिट के माध्यम से स्वास्थ्य कवर बढ़ाना।

यदि एक से अधिक सदस्य पॉलिसी के अंतर्गत निहित है, तो मूल प्रधान बीमित व्यक्ति अर्थात पॉलिसी के प्रारम्भ में पॉलिसीधारक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में अन्य बीमित व्यक्तियों के लिए प्रीमियम में छूट

• कुछ बड़े सर्जिकल लाभों हेतु बीमित की श्रेणी I या श्रेणी II के अंतर्गत आने वाली किसी भी सर्जरी की स्थिति में एक वर्ष के लिए प्रीमियम छूट हित लाभ।

• एम्बुलेंस हितलाभ

• स्वास्थ्य जांच हितलाभ

• योजना के तहत उपलब्ध वैकल्पिक अनुवृद्धि

- एलआईसी की नई अवधि बीमा अनुवृद्धि (यू एन आई UIN:512B210V01)

- एलआईसी का दुर्घटना हितलाभ अनुवृद्धि (यूआईएन:512बी203वी03)

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.licindia.in पर जाएं या एलआईसी की किसी शाखा से संपर्क करें

दिनांक 19 जुलाई, 2021 को मुंबई में दिनांकित

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (निगमित सम्प्रेषण)

भारतीय जीवन बीमा निगम , केंद्रीय कार्यालय , मुंबई। ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com

www.licindia.in पर विज़िट करें